भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1971

उत्तर देने की तारीख 30.07.2026

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का क्रियान्वयन

† 1971. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में जनजातीय लाभार्थियों की अनुमानित संख्या कितनी है; और

(ख) क्या जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक अवसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आजीविका पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रभाव की निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए कोई तंत्र बनाया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र जनजातीय लाभार्थियों की संख्या **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख): धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अंतर्गत, जनजातीय कार्य मंत्रालय, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु डीएजेजीयूए के अंतर्गत लाइन मंत्रालयों के साथ नियमित अंतर-मंत्रालयी तथा समन्वय बैठकें आयोजित करता है। इसके अतिरिक्त, संबंधित राज्यों/जिला प्राधिकरणों (प्राधिकारियों) के साथ भी नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। योजना की प्रभावी निगरानी तथा कार्यान्वयन हेतु परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा, आदि कर्मयोगी अभियान जैसी पहलों के माध्यम से, मंत्रालय सामुदायिक सहभागिता तथा भागीदारी को भी सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करता रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत निगरानी एवं मूल्यांकन ढांचा भी, वास्तविक समय में प्रगति पर नज़र रखने हेतु पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से एक प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी प्रणाली का प्रावधान करता है।

अनुलग्नक-I

क्र.सं.	राज्य का नाम	जिलों की कुल संख्या	ब्लॉकों की कुल संख्या	गांवों की कुल संख्या	अनुसूचित जनजाति परिवारों की कुल संख्या
1	आंध्र प्रदेश	18	107	878	157638
2	अरुणाचल प्रदेश	23	84	329	40925
3	असम	32	147	3161	398999
4	बिहार	24	74	771	75070
5	छत्तीसगढ़	32	138	6691	1103404
6	गोवा	2	9	25	7227
7	गुजरात	21	102	4265	1228970
8	हिमाचल प्रदेश	10	26	270	24423
9	जम्मू और कश्मीर	20	112	393	91072
10	झारखंड	24	231	7139	967113
11	कर्नाटक	28	129	1089	155318
12	केरल	4	9	89	53032
13	लद्दाख	2	30	143	23816
14	लक्षद्वीप	1	2	2	1733
15	मध्य प्रदेश	51	267	11377	1858795
16	महाराष्ट्र	32	214	4975	937393
17	मणिपुर	13	57	516	110530
18	मेघालय	12	53	1437	199324
19	मिजोरम	11	26	383	80148
20	नागालैंड	16	74	608	176419
21	ओडिशा	27	234	7667	1085661
22	राजस्थान	30	208	6019	1076190
23	सिक्किम	6	26	119	14901
24	तमिलनाडु	16	36	248	74079
25	तेलंगाना	30	230	924	271029
26	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	2	2	76	28152
27	त्रिपुरा	8	52	392	181487
28	उत्तर प्रदेश	26	47	517	51116
29	उत्तराखंड	7	15	128	15581
30	पश्चिम बंगाल	21	170	3212	364673
कुल		**549**	**2911**	**63843**	**10854218**

*****